CG SANDESH
छत्तीसगढ़ संदेश

रायपुर। राजधानी पुलिस ने नकली अगरबत्ती बनाने वाले आरोपियों को गोलबाजार से गिरफ्तार किया है. जानकारी के मुताबिक प्रदीप घोष द्वारा मिलाप परफ्यूम दुकान, गणेश राम नगर रायपुर में दुकानदार विनोद जसवानी के उक्त दुकान में बिक्री करने हेतु विभिन्न मच्छर अगरबत्ती स्टिक्स की भारी मात्रा में नकली उत्पाद चिन्हांकित करने, डिक की रिपोर्ट पर शिकायत किया था. जिस पर थाना गोलबाजार में अपराध क्रमांक 87/2023 धारा 63, 65 कॉपीराइट एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

थाना प्रभारी गोलबाजार निरीक्षक योगेश कुमार कश्यप एवं साइबर सेल पुलिस की विशेष टीम द्वारा कंपनी के पदाधिकारी के साथ रवाना होकर घटना स्थल जाकर दुकानदार विनोद जसवानी के कब्जे से परफ्यूम लाइम एजी प्लास्टिक कंटेनर 5 नग, स्टाइल स्लिफ ऑइल्स मच्छर अगरबत्ती मल्टी कलर रैपर बॉक्स 2 नग 4353 पीसेस रैपर , मोस्क्यूटो अगरबत्ती रॉ स्टिक 15000 नग, स्टाइलेस डीसी कंफर्ट मल्टी कलर रैपर बॉक्स 2 नग 32550 पीसेस रैपर, स्टाइलेस जस्ट रिलेक्स 2 नग 4280 पीसेस रैपर विनोद जसवानी से सहमति प्राप्त कर उक्त नकली उत्पादों को जप्त किया गया.

Source: https://cgsandesh.com/Home/NewsDetails/61563